


## इसलिए विक्की कौशल और कटरीना कैफ हनीमून पर नहीं जाएंगे

चौथ का बरवाड़ा स्थित होटल सिक्स सेंस फोर्ट इस वक्त खूबसूरत लाइटों और देश-विदेश से आए मेहमानों से जगमगा उठा है। कटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी को लेकर राजस्थान का यह इलाका इस वक्त काफी सुर्खियों में है। हालांकि, कैट और विक्की अपनी इस शादी को प्राइवेट रखना चाहते हैं, जिसके लिए उन्होंने कड़े बंदोबस्त भी किए हैं। अब विक्की और कैट को लेकर कहा जा रहा है कि कपल शादी के बाद वापस शूटिंग पर लौटने की तैयारी में हैं और फिलहाल उन्होंने हनीमून प्लान को टाल दिया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात प्री वेडिंग फंक्शन की धूम रही। सबने राजस्थानी और पंजाबी गाने पर खूब धमाल मचाया है। कहा यह भी जा रहा है कि सूर्यवंशी के गाने टिप टिप बरसा पानी पर भी खूब जमकर डांस हुआ है। कहा जा रहा है कि दोनों शादी के बाद अपने प्रफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में लग जाएंगे और इसीलिए वे फिलहाल हनीमून ट्रिप पर नहीं जाएंगे। दरअसल दोनों ने शादी को लेकर लंबी छुट्टी ले ली है और इसके तुरंत बाद कटरीना विजय सेतुपति की फिल्म की शूटिंग में लगेंगी। वहीं विक्की कौशल दिनेश विजान की मूवी की शूटिंग शुरू करेंगे।

## फ्रॉड केस में फंसे आसिम रियाज के भाई उमर रियाज

बिग बॉस 15 के स्ट्रॅान्ग कंटेस्टेंट में से एक हैं उमर रियाज शो को शुरुआत में इनकी पहचान आसिम रियाज के भाई से थी। वह शबिग बॉस 13 के फर्स्ट रनर-अप थे। एक बार तो फराह खान ने भी घर के अंदर आकर उमर को आसिम की तरह न खेलने की नसीहत दी थी। कहा था कि वह खुद का गेम प्ले करें। उमर ने उस बात को सीरियली लिया और अपना गेम बदला। हमेशा वही किया जो उन्हें सही लगा। भेड़चाल का हिस्सा नहीं रहे। लेकिन अभी वह एक मुसीबत में पड़ गए। मुंबई के रहने वाले फैजान अंसारी ने उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं जिस कारण मुंबई की एक लोकल कोर्ट में केस दर्ज तक हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फैजान अंसारी एक फैशन डिजाइनर हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि उमर रियाज उनके डिजाइन किए कपड़े पहन रहे हैं। उसकी फोटो भी सोशल मीडिया पर शेयर हो रही है। लेकिन उमरी की पीआर टीम उन्हें यानी फैजान को क्रेडिट नहीं दे रही। आरोप है कि उमर उनके दिए कपड़ों का प्रमोशन नहीं कर रहे हैं। बल्कि टीम सोशल मीडिया पर उमर की तस्वीर किसी और ब्रांड का नाम के साथ टैग कर रही है। फैजान ने कहा है कि ये श्गैरकानूनीश है। उमर को फ्रॉड बुलाते हुए कहते हैं कि वह उमर का रियल कैरेक्टर लोगों के सामने लेकर आएंगे।

## करीना कपूर ने सासू मां शर्मिला टैगोर को यूं किया बर्थडे विश



बीते जमाने की मशहूर ऐक्ट्रेस और करीना कपूर खान की सास शर्मिला टैगोर (ैंतउपसं ज्ंहवतम) आज 77 साल की हो गई हैं। उनके 77वें जन्मदिन पर करीना ने बेहद प्यारे पोस्ट के साथ ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं। सिर्फ करीना ही नहीं बल्कि सारा अली खान ने भी अपनी बड़ी अम्मा को बड़े ही प्यारे अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। करीना कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शर्मिला टैगोर की जवानी के दिनों की खूबसूरत तस्वीर शेयर की और साथ में लिखा, हैपी बर्थडे मेरी खूबसूरत सासू मां...आइकॉनिक।
सारा अली खान ने भी बड़ी अम्मा को बड़े ही प्यारे अंदाज में बर्थडे विश किया। उन्होंने दादी शर्मिला टैगोर के साथ अपनी दो तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की और साथ में लिखा, हैपी बर्थडे बड़ी अम्मा। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। मेरे लिए हमेशा मौजूद रहने और सपोर्ट करने के लिए बहुत सारा थैंक यू। इंशाल्लाह मैं आपको हमेशा ही गर्व महसूस करवाऊं। 2 नैशनल अवॉर्ड के अलावा पद्म भूषण और लाइफटाइम अचीवमेंट जैसे अवॉर्ड्स से सम्मानित शर्मिला टैगोर ने बंगाली और हिंदी फिल्मों में काम किया।

# पहली मुलाकात में अभिषेक बच्चन को समझ नहीं पाई थीं ऐश्वया

## ऐक्टर बोले- उड़ाती थीं मजाक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*अब तक फैन्स को यही पता था कि अभिषेक बच्चन की वाइफ ऐश्वर्या राय से पहली मुलाकात साल 2000 में फिल्म ढाई अक्षर प्रेम के दौरान हुई थी। लेकिन ऐसा नहीं है। अभिषेक, ऐश्वर्या से पहली बार तब मिले थे जब वह और प्यार हो गया फिल्म से बॉलिवुड में डेब्यू कर रही थीं। उस वक्त अभिषेक ऐक्टिंग से दूर थे और प्रॉडक्शन बॉय के रूप में काम कर रहे थे।*



अभिषेक ने ऐश्वर्या संग उस पहली मुलाकात का दिलचस्प किस्सा सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अभिषेक ने हाल ही द रणवीर शो पॉडकास्ट में बताया कि वह पापा अमिताभ बच्चन की फिल्म मृत्युदाता में प्रॉडक्शन बॉय थे। वह कॉलेज पास करके निकले थे और प्रॉडक्शन में काम कर रहे थे। तभी उन्हें पापा की एक फिल्म के लोकेशन की रेकी के लिए स्विट्जरलैंड भेजा गया था। बॉबी देओल और ऐश्वर्या भी स्विट्जरलैंड में ही फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। तभी बॉबी देओल और ऐश्वर्या ने उन्हें डिनर पर बुलाया।
अभिषेक ने बताया कि उस वक्त ऐश्वर्या की डेब्यू फिल्म और प्यार हो गया की शूटिंग चल रही थी। वह ऐश्वर्या के साथ बॉबी देओल की पहली फिल्म थी। तो जब अभिषेक डिनर पर पहुंचे तो वहां उनकी मुलाकात बॉबी देओल से हुई और वहीं ऐश्वर्या से भी पहली बार मिले।
अभिषेक ने बताया कि पहली मुलाकात में ऐश्वर्या उनकी बातें



नहीं समझ पाई थीं और मजाक उड़ाती थीं। वह कहती थीं, तुम्हारी कही बातों का एक भी शब्द समझ नहीं आ रहा। क्या कह रहे हो? अभिषेक ने कहा कि वह इंटरनैशनल बोर्डिंग स्कूल में पढ़े और फिर बोस्टन चले गए। हो सकता है कि उनका एक्सेंट हेवी रहा होगा। अभिषेक की मानें तो उस वक्त ऐश्वर्या को कुछ समझ ही नहीं आया कि उन्होंने क्या कहा।
आगे चलकर अभिषेक ने साल 2000 में फिल्मों में एंट्री की और फिर ऐश्वर्या के साथ भी काम किया। दोनों ने ढाई अक्षर प्रेम के और गुरू जैसी फिल्में कीं। साथ काम करते हुए ही अभिषेक और ऐश्वर्या को प्यार हुआ और फिर 2007 में उन्होंने शादी कर ली। अभिषेक और ऐश्वर्या की साल 2011 में एक बेटी हुई, जिसका नाम उन्होंने आराध्या रखा।

# विक्की कौशल-कटरीना कैफ के संगीत का वीडियो वायरल

*कटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी की रस्मों की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। 7 दिसंबर को सिक्स सेंसेज होटल बरवाड़ा में कमाल की म्यूजिकल नाइट रही, जिसमें कई पंजाबी और हिंदी के ब्लॉकबस्टर गाने प्ले किए गए। मेहमानों ने डांस परफॉर्मेंस दी। इसमें में राजस्थानी लोक गीत भी बजाए गए। सोशल मीडिया पर विक्की कौशल और कटरीना कैफ की म्यूजिकल नाइट का एक वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में हैं।*



वीडियो में रोशनी से जगमग सिक्स सेंसेज फोर्ट नजर आ रहा है और लाइट शो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि संगीत कितना धमाकेदार होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, संगीत में कटरीना की फिल्म सूर्यवंशी से श्टिप टिप बरसा पानीश सॉन्ग भी प्ले किया जाएगा। वहीं विक्की और कटरीना 3 गानों पर धमाकेदार परफॉर्मेंस देंगे। सोशल मीडिया पर एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि शादी की रस्मों की शुरुआत करने से पहले किले में किस कदर आतिशाबाजी की गई। अब आज यानी 8 दिसंबर को कटरीना और विक्की की संगीत सेरिमनी होगी। 7 दिसंबर को मेहंदी की रस्म हुई, जिसमें कटरीना के हाथों में राजस्थान के सोजत कस्बे की मेहंदी सजीगी। सोजत से करीब 20 किलो मेहंदी का पाउडर सवाई माधोपुर स्थित वेडिंग वेन्यू पर पहुंचा। यह मेहंदी एकदम ऑर्गैनिक है। कटरीना और विक्की 9 दिसंबर को सात फेरे लेंगे। 6 तारीख को ही यह कपल परिवार के साथ सिक्स सेंसेज फोर्ट पहुंचा। कटरीना और विक्की का काफिला जैसे ही पहुंचा तो आतिशबाजी से उनका स्वागत किया गया। मेहमानों के लिए स्वागत का खास इंतजाम था। वहीं बताया जा रहा है कि 8 दिसंबर को 11:30 बजे हल्दी है। विक्की और कटरीना की शादी में करीब 120 मेहमान शामिल होंगे। परिवार के लोगों के अलावा फिल्मी हस्तियां जयपुर पहुंच चुकी हैं। इनमें कबीर खान, मिनी माथुर, नेहा धूपिया-अंगद बेदी, सुनील शेट्टी, करण जौहर, शरवरी वाघ, राधिका मदान जैसे स्टार्स का नाम शामिल है।